मेरी पहचान खाटूवाला श्याम | by Passi Kesri

मेरी तो बस पहचान है खाटूवाला श्याम
मेरी तो बस पहचान है मेरा खाटूवाला श्याम
जब नज़र पड़ी मेरे श्याम की दुनिया में हो गया नाम
मेरी तो बस पहचान है मेरा खाटूवाला श्याम

पहली बार मैं श्याम प्रभु के जगराते में आया था
हारे का ये बने सहारा सब भक्तों ने बताया था
उस दिन से ही मेरे श्याम प्रभु का मन में बस गया नाम
मेरी तो बस पहचान है मेरा खाटूवाला श्याम

थोड़े दिनों के बाद में मेला खाटू श्याम का आया था
काँधे पे मैं ले निशान खाटू नगरी में आया था
शीश झुकाया बाबा पे मेरे बिगड़े बन गए काम
मेरी तो बस पहचान है मेरा खाटूवाला श्याम

जीवन है खुशियों से भरा जीने का मज़ा अब आया है
पल पल तेरा शुक्र करूँ मेरे श्याम प्रभु तेरी माया है
श्याम जगत में पास्सी केसरी का होता सम्मान
मेरी तो बस पहचान है मेरा खाटूवाला श्याम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a4%b9%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be/